पंजाब केसरी 12/11/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की प्रांतीय समीक्षा बैठक

अम्बाला, 11 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की हरियाणा प्रांत की संचालन समिति की प्रांतीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता न्यास के उत्तर क्षेत्र संयोजक जगराम ने की और इसमें न्यास के अध्यक्ष कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुल सचिव डा. संजीव शर्मा, संरक्षक खालसा कॉलेज करनाल के पूर्व प्राचार्य डा. मेजर सिंह, संयोजक डा. देवी भूषण और सहसंयोजक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप सिंह और न्यास के सभी विषयों के संयोजक व सहसंयोजक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सभी विषय संयोजकों ने अपने विषयों पर हरियाणा प्रांत में शिक्षा उत्थान के लिए की गई गतिविधियों का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया। न्यास के उत्तर क्षेत्र संयोजक जगराम द्वारा इन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सभी संयोजकों और सहसंयोजकों को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि न्यास का मुख्य उद्देश्य देश बदलना है, जो शिक्षा व्यवस्था में सुधार करके ही प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में 30 से अधिक शिक्षाविदों द्वारा अपने विचार रखे गए।

डा. संजीव शर्मा ने सभी कार्यकर्त्ताओं को सुझाव दिया कि वे 24 घंटे में कम से कम 1 घंटा न्यास के कार्यों को दें, तभी न्यास के उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है। गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के सहायक प्रोफैसर डा. राजेंद्र कुमार को शिक्षा केंद्र अम्बाला के संयोजक पद का दायित्व दिया गया, ताकि अम्बाला के क्षेत्र में भी न्यास के कार्यों को गति प्रदान की जा सके। अंत में न्यास के संरक्षण डा. मेजर सिंह द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया।

समीक्षा बैठक में संयोजक का स्वागत करते अन्य पदाधिकारी। (देवदत्त)